महत्वपूर्ण / व्यक्तिगत ध्यान / ई-मेल / विभागीय वेबसाईट

पत्र संख्या:एडी0कमि0(पुलिस)/ पुलिस कर्मी /चिकित्सा अवकाश // 2020-21 470 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ
(पुलिस-कैम्प)

दिनॉक :: लखनऊ :: 04 फरवरी, 2021

समस्त
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

प्राय: यह देखने में आ रहा है कि जोनों में सम्बद्ध पुलिस कर्मियों के चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्र बिना समुचित जॉच पड़ताल किये आधे-अधूरे प्रपत्रों के साथ स्वीकृति हेतु मुख्यालय को प्रेषित कर दिये जाते हैं। ऐसी स्थिति में मुख्यालय द्वारा प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सम्बंधित कार्यालयों से बार-बार अनावश्यक पत्राचार करना पड़ता है, यह स्थिति उचित नहीं है। प्रार्थना पत्रों में निम्न कमियॉ पायी जाती है :-

1-प्रार्थना पत्र के साथ सम्बंधित चिकित्सक द्वारा जारी **मूल फिटनेस प्रमाण** पत्र एवं चिकित्सा से सम्बंधित प्रपत्रों की प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रुप से संलग्न हो।

2-प्रार्थना पत्र यदि 30 दिवस से अधिक समय का है तो उसे जिले / जोन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रेषित कर परीक्षण / प्रतिहस्ताक्षर के उपरान्त ही मुख्यालय को प्रेषित किया जाय।

3-प्रार्थना पत्र यदि 90 दिवस से अधिक समय का है तो उसे सम्बंधित जोन के अध्यक्ष / अपर निदेशक मण्डलीय चिकित्सा परिषद कार्यालय प्रेषित कर परीक्षण/प्रतिहस्ताक्षर के ही उपरान्त मुख्यालय को प्रेषित किया जाय।

4-प्रार्थना पत्र पर कुल शेष देय चिकित्सा अवकाश की रिपोर्ट स्पष्ट रुप से अंकित हो।

समसन्दर्भ में अनुरोध है कि आप अपने स्तर से अधीनस्थ समस्त कार्यालयों को निर्देशित कर दें कि वह पुलिस कर्मियों के चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्रों को उपरोक्त बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करने के उपरान्त ही आपके कार्यालय को प्रेषित करें। तत्पश्चात चिकित्सा अवकाश प्रार्थना पत्र अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित मुख्यालय को प्रेषित कराने का कष्ट करें।

उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

ADC(N) D-C(R) 04-02-21 3394

(प्रकाश स्वरुप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या:व दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-ज्वाइन्ट कमिश्नर (के0स0द0) वाणिज्य कर मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ।

2-ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

3-समस्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ